# BreastScreen WA

Hindi हिंदी

**Screening mammography for women with a family history of breast cancer**

## जिन महिलाओं के परिवार में स्तन के केंसर का इतिहास है, उनके लिए स्क्रीनिंग मैमोग्राफ़ी



ब्रेस्टस्क्रीन डब्ल्यू ए (BreastScreen WA) महिलाओं के लिए एक नि:शुल्क स्क्रीनिंग मैमोग्राफ़ी सेवा है। यह 50-74 वर्ष की आयु की महिलाओं के लिए एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य जाँच है लेकिन 40 वर्ष की आयु से महिलाएँ इसके लिए आ सकती हैं। यदि आपके किसी रिश्तेदार को स्तन का केंसर हो चुका है तो यह पुस्तिका स्क्रीनिंग मैमोग्राफ़ी के बारे में आपके कुछ प्रश्नों के उत्तर दे सकती है।

### यदि मेरे परिवार में किसी को स्तन का केंसर हो चुका है तो इसका मेरे लिए क्या अर्थ हो सकता है?

- आपके परिवार में कम-से-कम एक सदस्य को स्तन का केंसर हो चुका है।
- यदि एक ही परिवार के अनेक सदस्यों में एक ही बीमारी का निदान होता है तो यह सोचना स्वाभाविक होगा कि क्या यह आनुवंशिक कारणों से है।
- स्तन का केंसर वंशानुगत नहीं है पर स्तन के केंसर के ख़राब जीन संतान में जा सकते हैं। यदि किसी महिला के जीन ख़राब हैं तो उसे स्तन के केंसर का ख़तरा अधिक हो सकता है पर यह ज़रूरी नहीं है कि उसे स्तन का केंसर होगा।
- अधिकतर मामलों में स्तन का केंसर संयोगवश हो जाता है, और उसके कारण आनुवंशिक नहीं होते। स्तन के सभी केंसरों में से सिर्फ 1-5% पारिवारिक कारणों के आधार पर होते हैं।

### जिन महिलाओं के परिवार में किसी को स्तन का केंसर हो चुका है, उनको आश्वासन देने वाले तथ्य

अधिकांश महिलाओं के लिए यह जानना कि उनके परिवार में किसी को स्तन का केंसर हो चुका है, चिंता का कारण बन जाता है। लेकिन इन बातों पर ध्यान देना महत्वपूर्ण है:

- ऑस्ट्रेलियाई महिलाओं में 7 में से 1 को उसके जीवन-काल में स्तन का केंसर होने की संभावना है।
- स्तन का केंसर एक आम बीमारी है जो अधिकांश रूप से बढ़ती आयु से संबंधित है। अधिकांश महिलाओं को स्तन का केंसर संयोगवश हो जाता है और ऐसा आनुवंशिक कारणों से नहीं होता।
- आपकी माँ या बहन को स्तन का केंसर होने का यह अर्थ नहीं है कि आपको भी स्तन का केंसर हो जाएगा।
- स्तन का केंसर होने का अर्थ यह नहीं है कि आपको निश्चित रूप से ख़राब जीन विरासत में मिला है, या यह आपसे आपके बच्चों में भी चला जाएगा।
- जिन महिलाओं को स्तन का केंसर होता है, उनमें 10 में से लगभग 9 के परिवार में पहले किसी को स्तन का केंसर नहीं हुआ होता।

### आपके परिवार में इसका इतिहास होना अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है यदि:

- आपके माता-पिता में से किसी एक (माता या पिता) की ओर से एक से अधिक रिश्तेदारों में स्तन का केंसर पाया गया है।
- जब आपके रिश्तेदारों को स्तन का केंसर होने का पता चला था तो उनकी आयु 50 वर्ष से कम थी।
- स्तन के केंसर वाले लोग आपके नज़दीकी रिश्तेदार हैं (बहन, न कि मौसेरी/चचेरी बहन)।
- यदि आपके परिवार में किसी के दोनों स्तनों में, किसी पुरुष के स्तन में, या किसी महिला को स्तन और डिंब ग्रंथि, दोनों का केंसर हुआ है।

## मेरे परिवार में किसी को पहले ऐसा हुआ होने से मेरे लिए ब्रेस्टस्क्रीन डब्ल्यू ए की सेवाएँ प्राप्त करने पर क्या प्रभाव पड़ेगा?

ब्रेस्टस्क्रीन डब्ल्यू ए यह संस्तुति करता है कि स्क्रीनिंग मैमोग्राम नियमित रूप से हर दो वर्ष बाद करवाए जाएँ, विशेष रूप से 50-74 वर्ष की महिलाओं द्वारा क्योंकि शोध के अनुसार, इस आयु वर्ग के लिए स्क्रीनिंग मैमोग्राफ़ी के लाभ सर्वाधिक हैं। 40-49 वर्ष की और 75 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं का भी मैमोग्राम करवाने के लिए आने का स्वागत है।

ब्रेस्टस्क्रीन डब्ल्यू ए महिलाओं की स्क्रीनिंग के समय उनके पारिवारिक इतिहास की जानकारी एकत्र करता है। पारिवारिक इतिहास के आधार पर, थोड़ी सी महिलाओं को स्क्रीनिंग मैमोग्राम के लिए जल्दी-जल्दी आने की आवश्यकता हो सकती है।

## यदि मेरे परिवार में किसी को स्तन का कैंसर हो चुका है तो मुझे किस आयु में स्क्रीनिंग करवाना आरंभ करना चाहिए और यह कितनी-कितनी अवधि के बाद दोबारा करवाना होगा?

जिन महिलाओं के परिवार में स्तन के कैंसर का गंभीर इतिहास है, वे 40 वर्ष की आयु से हर वर्ष स्क्रीनिंग मैमोग्राम करवाने की पात्र हैं यदि उन पर इनमें से कोई बात लागू होती है:

- उनके पहले स्तर के रिश्तेदार (जैसे कि माँ, बहन, बेटी, पिता, बेटा, भाई) में 50 वर्ष की आयु से पहले स्तन का कैंसर पाया गया था।
- उनके किसी पहले स्तर के रिश्तेदार को दोनों स्तनों में कैंसर हुआ था (किसी भी आयु में)।
- उनके दो या अधिक पहले स्तर के रिश्तेदारों को स्तन का कैंसर हुआ था (किसी भी आयु में)।

जिन महिलाओं के पहले स्तर के किसी एक रिश्तेदार को 50 वर्ष से अधिक की आयु में स्तन का कैंसर हुआ था, उन्हें समुदाय की किसी अन्य साधारण महिला से अधिक ख़तरा **नहीं** है। इन महिलाओं को हर दो वर्ष के अंतराल पर स्क्रीनिंग मैमोग्राम करवाने का अवसर दिया जाएगा।

## इसके अलावा मुझे और क्या करना होगा?

यदि आप अपने परिवार में स्तन के कैंसर के इतिहास को लेकर चिंतित हैं तो आपको अपनी व्यक्तिगत परिस्थिति के बारे में अपने परिवार के चिकित्सक से चर्चा करनी चाहिए। यदि आपके परिवार में किसी व्यक्ति में स्तन के कैंसर का हाल ही में निदान होता है तो यह महत्वपूर्ण है कि आप ब्रेस्टस्क्रीन डब्ल्यू ए और अपने सामान्य चिकित्सक, दोनों को इसकी सूचना दें।

## याद रखें, अपने स्तनों का ध्यान रखें:

- अपने स्तनों की देख कर और स्पर्श करके जाँच करें कि उनमें कोई असामान्य परिवर्तन तो नहीं हुआ है।
- यदि आप कोई परिवर्तन देखें या महसूस करें तो अपने सामान्य चिकित्सक से तुरंत मिलें।

## क्या आप कुछ प्रश्न पूछना चाहती हैं?

ब्रेस्टस्क्रीन डब्ल्यू ए के कर्मचारी आपके प्रश्नों का ख़ुशी-ख़ुशी उत्तर देंगे।

कृपया (08) 9323 6700 या 13 20 50 पर फोन करें।

**मिलने का समय 13 20 50 पर फ़ोन करके (लोकल कॉल के शुल्क पर) तय किया जा सकता है**

यदि आपको एक नि:शुल्क दुभाषिए की आवश्यकता है तो कृपया ट्रांसलेटिंग एंड इंटरप्रेटिंग सर्विस (टिस) को 13 14 50 पर फ़ोन करें और उनसे कहें कि वे आपकी बात 13 20 50 पर बुकिंग सर्विस से करवाएँ।

Government of **Western Australia**
North Metropolitan Health Service

WA's only accredited screening service

BreastScreen AUSTRALIA
A joint Australian, State and Territory Government Program

© BreastScreen WA, Department of Health

ई-मेल breastscreenwa@health.wa.gov.au नेशनल रिले सर्विस www.relayservice.gov.au
टेलीफ़ोन (08) 9323 6700 बुकिंग 13 20 50

HP001709 October 2019